## भर्ती हेतु सूचना
## परामर्शदाता– (इंजीनियरिंग) (पीएमएसएसवाई) (3 पद)

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली, पूर्णतः संविदा आधार पर उपर्युक्त पद के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है।

### (क) परामर्शदाता (सिविल इंजीनियरिंग)

**शैक्षणिक योग्यता**
किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से संबंधित विषय में बी.ई./बी.टेक. उपाधि।
एमई/एमटेक (अवसंरचना/भवन विज्ञान/निर्माण प्रबंध) उपाधि को अतिरिक्त योग्यता माना जाएगा।

**न्यूनतम अनुभवः** 10 वर्ष
सिविल या तत्संबंधी कार्यों के नियोजन, निविदा प्रक्रिया, निष्पादन और संविदा प्रबंध का सुसंगत अनुभव। केंद्रीय सरकार की सिविल विनिर्माण परियोजनाओं/कें.लो. निर्माण विभाग प्रक्रियाओं/जीएफआर/परियोजना संबंधी सरकारी प्रक्रियाओं का अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

**कर्तव्यः**
(क) मंत्रालय में प्राप्त संकल्पना योजना (योजनाओं)/विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (रिपोटों) का परीक्षण/ समीक्षा करना और आवश्यक सुझाव/सिफारिशें/सलाह देना;
(ख) सिविल एवं संबद्ध कार्यों के निविदा दस्तावेज (दस्तावेजों) का परीक्षण/समीक्षा करना और सलाह देना;
(ग) पीएमएसएसवाई परियोजनाओं/स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सिविल एवं संबद्ध कार्यों से संबंधित और कार्यान्वयन के दौरान उठने वाले सभी तकनीकी मुद्दों का परीक्षण करना, और सलाह देना;
(घ) विशेषताओं (स्पेसिफिकेशन्स) के आंकलन और गुणवत्ता आश्वासन में सहायता करना।
(ड.) पीएमएसएसवाई प्रभाग द्वारा सौंपे गए सभी कार्य करना।
(च) संयुक्त सचिव (पीएमएसएसवाई) द्वारा सौंपा गया कोई अन्य कार्य

**पारिश्रमिकः**
परामर्शदाता (इंजीनियरिंग) को 65,000/– प्रतिमाह का समेकित पारिश्रमिक देय होगा। एक वर्ष से अधिक के लिए नियुक्त किए गए परामर्शदाता के लिए पारिश्रमिक में वृद्धि मंत्रालय की मौजूदा नीति के अनुसार देय होगी।

**आयु सीमाः** अधिकतम 65 वर्ष

### (ख) परामर्शदाता (विद्युत इंजीनियरिंग)

**शैक्षणिक योग्यता**
किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से संबंधित विषय में बी.ई./बी.टेक. उपाधि।
एमई/एमटेक (अवसंरचना/भवन विज्ञान/निर्माण प्रबंध) उपाधि को अतिरिक्त योग्यता माना जाएगा।

**न्यूनतम अनुभवः** 10 वर्ष
विद्युत या तत्संबंधी कार्यों के नियोजन, निविदा प्रक्रिया, निष्पादन और संविदा प्रबंध का सुसंगत अनुभव। केंद्रीय सरकार की सिविल विनिर्माण परियोजनाओं/कें.लो. निर्माण विभाग प्रक्रियाओं/जीएफआर/परियोजना संबंधी सरकारी प्रक्रियाओं का अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

**कर्तव्यः**
(क) मंत्रालय में प्राप्त संकल्पना योजना (योजनाओं)/विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (रिपोटों) का परीक्षण/समीक्षा करना और आवश्यक सुझाव/सिफारिशें/सलाह देना;
(ख) विद्युत एवं संबद्ध कार्यों के निविदा दस्तावेज (दस्तावेजों) का परीक्षण/समीक्षा करना और सलाह देना;
(ग) पीएमएसएसवाई परियोजनाओं/स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के विद्युत एवं संबद्ध कार्यों से संबंधित और कार्यान्वयन के दौरान उठने वाले सभी तकनीकी मुद्दों का परीक्षण करना, और सलाह देना;
(घ) विशेषताओं (स्पेसिफिकेशन्स) के आंकलन और गुणवत्ता आश्वासन में सहायता करना।
(ड.) पीएमएसएसवाई प्रभाग द्वारा सौंपे गए सभी कार्य करना।
(च) संयुक्त सचिव (पीएमएसएसवाई) द्वारा सौंपा गया कोई अन्य कार्य

**पारिश्रमिकः**

परामर्शदाता (इंजीनियरिंग) को 65,000/– प्रतिमाह का समेकित पारिश्रमिक देय होगा। एक वर्ष से अधिक के लिए नियुक्त किए गए परामर्शदाता के लिए पारिश्रमिक में वृद्धि मंत्रालय की मौजूदा नीति के अनुसार देय होगी।

**आयु सीमाः** अधिकतम 65 वर्ष

### (ग) परामर्शदाता (जैव–चिकित्सा इंजीनियरिंग)

**शैक्षणिक योग्यता**

किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या आईआईटी या एनआईटी से जैव –चकित्सा इंजीनियरिंग में बी.ई./बी.टेक. उपाधि।

**न्यूनतम अनुभवः** 5 वर्ष

नैदानिक इंजीनियरिंग या विभिन्न प्रकार के उपकरणों और आधुनिक स्वास्थ्य देखभाल प्रौद्योगिकी प्रबंध पद्धतियों, कंप्यूटरीकृत चिकित्सा उपकरण प्रबंध प्रणालियों का संचालन एवं प्रबंध, गुणवत्ता आश्वासन, प्रौद्योगिकी नियोजन प्रणालियों, खरीद, संविदा आंकलन इत्यादि विषयों सहित स्वास्थ्य देखभाल प्रौद्योगिकी प्रबंध का सुसंगत अनुभव।

**कर्तव्यः**

(क) मंत्रालय में प्राप्त चिकित्सा उपकरणों एवं सेवाओं से संबंधित प्रस्तावों का परीक्षण/समीक्षा करना और सलाह देना।
(ख) मंत्रालय में खरीद के लिए प्राप्त निविदा दस्तावेज (दस्तावेजों) का परीक्षण/समीक्षा करना और सलाह देना;
(ग) पीएमएसएसवाई परियोजना के तहत प्रत्येक संस्था के लिए खरीदे गए चिकित्सा उपकरणों एवं सेवाओं का डेटाबेस तैयार करना और उसका रखरखाव करना।
(घ) विशेषताओं (स्पेसिफिकेशन्स) के आंकलन और गुणवत्ता आश्वासन में सहायता करना।
(ड.) नियोजित अनुसूची के अनुसार कार्य प्रगति का आंकलन करना और कार्यान्वयन अनुसूची को अद्यतन करना और सलाह देना।
(च) संभावित समस्याओं, विलंब/चूक के संभावित कारणों का पता लगाना और निवारक एवं आकस्मिक कार्रवाई का सुझाव और सलाह देना।
(छ) प्रभाग के अन्य परामर्शदाताओं और/या इकाइयों के साथ समन्वय में कार्य करना।
(च) परियोजना प्रमुख, निगरानी इकाई या संयुक्त सचिव (पीएमएसएसवाई) द्वारा सौंपा गया कोई अन्य कार्य

**पारिश्रमिकः**

परामर्शदाता (जैव–चिकित्सा इंजीनियरिंग) को 65,000/– प्रतिमाह का समेकित पारिश्रमिक देय होगा। एक वर्ष से अधिक के लिए नियुक्त किए गए परामर्शदाता के लिए पारिश्रमिक में वृद्धि मंत्रालय की मौजूदा नीति के अनुसार देय होगी।

**आयु सीमाः** अधिकतम 65 वर्ष

अपने कार्यवृत्त में आयु, उपाधियां प्राप्त करने के वर्ष, मौजूदा और पूर्व रोजगार की अवधि/तिथियों का उल्लेख करना अनिवार्य है, इनके बिना आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

आवेदन, ई–मेल द्वारा pmssy.nhsrc@gmail.com पर अथवा डाक द्वारा/दस्ती रूप से मानव संसाधन प्रबंधक, एनएचएसआरसी, एनआईएचएफडब्ल्यू परिसर, बाबा गंग नाथ मार्ग, मुनिरका, नई दिल्ली–110067 को **दिनांक 21 फरवरी, 2016 को अपराह्न 4 बजे तक** पहुंच जाने चाहिए। **कृपया डाक द्वारा भेजे गए आवेदनों के मामले में लिफाफे पर तथा ई–मेल से किए जाने वाले आवेदनों के मामले में विषय–लाइन पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख अवश्य करें, अन्यथा आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।**